कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम की समय–सारिणी

क्र0 सं0	प्रक्रियात्मक कार्यवाही	कार्यवाही हेतु निर्धारित समयावधि
1.	नीलिट से "ओ" लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं "सीसीसी" कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु मान्यता प्राप्त संस्थाओं (आवेदन की अंतिम तिथि तक संस्था की मान्यता वैलिड हो) द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए विभागीय वेबसाइट backwardwelfareup.gov.in एवं obccomputertraining.upsdc.gov.in पर दिये गये लिंक पर ऑनलाइन आवेदन किया जाना एवं मान्यता से सम्बन्धित अभिलेखों व आधारभूत ढाँचे तथा दिये गये प्रारूप पर नोटरी शपथ–पत्र का विवरण अपलोड करने के साथ हार्ड कॉपी संबंधित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराया जाना।	दिनांक 20–05–2026 से 03–06–2026 तक
2.	संस्था द्वारा भरे गये ऑन लाइन आवेदन में अंकित सूचनाओं का जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा अभिलेखीय/भौतिक सत्यापन किया जाना तथा सत्यापन रिर्पोट ऑनलाइन अपलोड करते हुये आवेदन को अपने अभिमत सहित डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापित किया जाना।	दिनांक 04–06–2026 तक।
3	निदेशालय स्तर पर गठित राज्य स्तरीय समिति द्वारा जनपद स्तर पर प्रशिक्षण देने हेतु संस्थाओं का चयन करना।	दिनांक 15–06–2026 तक
4.	अभ्यर्थी द्वारा कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन एवं शैक्षिक व अन्य अभिलेखों को अपलोड़ किया जाना तथा आवेदन की प्रति डाउनलोड कर समस्त अभिलेखों सहित निर्धारित तिथि तक जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में हार्ड कापी जमा किया जाना।	दिनांक 16–06–2026 से 10–07–2026 तक।
5.	जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों एवं अभिलेखों का प्रिंट प्राप्त करना, आय, जाति प्रमाण पत्र व अन्य शैक्षिक अभिलेखों का ऑनलाइन सत्यापन करना एवं उनकी जाँच करना। प्रशिक्षण हेतु पात्र आवेदकों को सत्यापित कर लॉक करना तथा अपात्र/त्रुटिपूर्ण आवेदनों को निरस्त करना। निदेशालय द्वारा संस्थावार/पाठ्यक्रमवार आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष जिला स्तरीय चयन समिति के अनुमोदनोपरान्त चयनित अभ्यर्थियों को सत्यापित कर डिजिटली लॉक किया जाना तथा शेष प्रशिक्षणार्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार करना।	दिनांक 24–07–2026 तक।
6.	चयनित अभ्यर्थियों का सम्बन्धित संस्था द्वारा संस्था में प्रवेश लेते हुये उनका निलिट में रजिस्ट्रेशन कराना तथा प्रवेश न लेने वाले अभ्यर्थियों के सापेक्ष प्रतीक्षा सूची से पोर्टल पर एलाटमेन्ट करते हुए प्रवेश दिलाना तथा सूचना ऑनलाइन लॉगिन पर अपडेट किया जाना तथा छात्रों का आधार आधारित बायोमैट्रिक/फेशियल ऑथन्टिकेशन के माध्यम से उपस्थिति हेतु प्रक्रिया पूर्ण किया जाना।	दिनांक 25–07–2026 से 31–07–2026 तक।
7.	प्रशिक्षणदायी संस्थाओं द्वारा चयनित प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण प्रारम्भ कराया जाना।	01–08–2026 से प्रशिक्षण प्रारम्भ।